कान्हा मेरी बईया जरा थाम ले

कान्हा मेरी बईया जरा थाम ले,
जरा थाम ले मेरे श्याम रे,
कान्हा मेरी बईया जरा थाम ले॥

फुलवा तोड़न को मैं चली ले सखियों को साथ,
बगियन में आ जइयो श्याम तेरी राधा देखे बाट,
तू डाली झुका में फुलवा तोडू सांवरे,
कान्हा मेरी बईया जरा थाम ले....

जमुना नहाने मैं चली ले सखियों को साथ,
जमुना तट पर शाम रे तेरी राधा देखें बाट,
तू बईया पकड़ मैं नहाऊ सांवरे,
कान्हा मेरी बईया जरा थाम ले....

पनिया भरन को मैं चली ले सखियों को साथ,
पनघट पर आ जइयो श्याम तेरी राधा देखे बाट,
मैं गगरी भरु तू उठा सांवरे,
कान्हा मेरी बईया जरा थाम ले....

ब्रज घुमन को मैं चली ले सखियों को साथ,
मधुबन में आ जइयो श्याम तेरी राधा देखे बाट,
मैं नाचूं तू मुरली बजा जा सांवरे,
कान्हा मेरी बईया जरा थाम ले....

दही बेचन को मैं चली ले सखियों को साथ,
गलियन में आ जइयो श्याम तेरी राधा देखे बाट,
मेरी मटकी ना फोड़ माखन खाजा सांवरे,
कान्हा मेरी बईया जरा थाम ले....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25221/title/kanha-meri-bayia-zara-thaam-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |